हिन्दी अकादमी, दिल्ली
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)
समुदाय भवन, पदमनगर, किशनगंज, दिल्ली—110007
दूरभाष :

ईमेल पता : hindiacademydelhi@gmail.com

## प्रेस—विज्ञप्ति

## शलाका/साहित्यकार सम्मान वर्ष 2022—2023, 2023—2024 व 2024—2025

- **इन पुरस्कारों की घोषणा से हिन्दी अकादमी ने साहित्य के क्षेत्र में एक मील का पत्थर स्थापित किया है : सौरभ भारद्वाज**
- **इन दिग्गज साहित्यकारों को सम्मानित करने से न केवल साहित्यकारों का सम्मान बढ़ेगा अपितु हिन्दी अकादमी का नाम व सम्मान भी बढ़ेगा : सौरभ भारद्वाज**
- **इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से दिल्ली सरकार की हमेशा यह कोशिश रहती है की इस देश की हजारों साल पुरानी संस्कृति को जीवित रखा जा सके : सौरभ भारद्वाज**

हिन्दी अकादमी, दिल्ली की स्थापना वर्ष 1981 में दिल्ली प्रशासन (अब दिल्ली सरकार) के द्वारा स्वायत्तशासी संस्था के रूप में की गई है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली में हिन्दी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के विकास, प्रचार—प्रसार एवं संवर्द्धन करना है।

अकादमी अपनी स्थापना के समय से ही भाषायी, साहित्यिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रचार—प्रसार में रचनात्मक भूमिका निभाती आ रही है। अकादमी समय—समय पर भाषायी संस्कृति के प्रसार, विचारों एवं अनुभवों के आदान—प्रदान तथा हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साहित्यिक संगोष्ठी/कवि—सम्मेलन/नाटक/लोक—सांस्कृतिक कार्यक्रम/लोक—उत्सव/शैक्षिक प्रतियोगिता/विद्यालयों व विश्वविद्यालयों में हिन्दी विषय से संबंधित कार्यशाला आदि का आयोजन करती रहती है।

**शलाका/साहित्यकार सम्मान योजना** हिन्दी अकादमी, दिल्ली की एक महत्वूपर्ण योजना है। इसके अंतर्गत लेखकों/पत्रकारों/कवियों /हिन्दी सेवियों को हिन्दी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उनके द्वारा की गयी जीवन पर्यन्त सेवा, प्रचार—प्रसार, पत्रकारिता आदि में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है।

हिन्दी अकादमी, दिल्ली के शलाका/साहित्यकार सम्मान योजना के अंतर्गत वर्ष 1986—87 से अकादमी के सर्वोच्च **शलाका सम्मान** को ग्रहण कर डॉ0 रामविलास शर्मा, श्री विष्णु प्रभाकर, श्री गिरिजा कुमार माथुर, श्री त्रिलोचन शास्त्री, प्रो0 नामवर सिंह, प्रो0 विजयेन्द्र स्नातक, डॉ0 नरेन्द्र कोहली, श्री कृष्ण चंद्र शर्मा 'भिक्खु', श्री निर्मल वर्मा, श्री गोपाल प्रसार व्यास, श्री भीष्म साहनी, सुश्री कृष्णा सोबती, डॉ0 रामदरश मिश्र, श्री कमलेश्वर, श्री राजेन्द्र यादव, श्री नेमिचन्द्र जैन, श्री कुँवर नारायण, श्रीमती मन्नू भंडारी, श्री प्रभाष जोशी, डॉ0 असगर वज़ाहत, डॉ0 मैनेजर पाण्डेय, श्री जावेद अख़्तार, डॉ0 विश्वनाथ त्रिपाठी आदि जैसे वरिष्ठ साहित्यकारों ने सुशोभित किया है।

इसी श्रृंखला में हिन्दी अकादमी, दिल्ली की संचालन—समिति की बैठक दिनांक 30.12.2024 को माननीय मंत्री, कला, संस्कृति एवं भाषा/अध्यक्ष, हिन्दी अकादमी, दिल्ली श्री सौरभ भारद्वाज जी की

Scanned with ACE Scanner

अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में **शलाका/साहित्यकार सम्मान** वर्ष 2022–23, 2023–24 व 2024–25 हेतु निम्न पुरस्कारों की घोषणा की गई :–

| क्र.सं. | सम्मान का नाम | सम्मान राशि | संख्या | वर्ष 2022–23 | वर्ष 2023–24 | वर्ष 2024–25 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी अकादमी शलाका सम्मान | 5,00,000/– | एक | प्रो0 निर्मला जैन | श्री अशोक वाजपेयी | श्रीमती चित्रा मृद्गल |
| 2 | हिन्द अकादमी, दिल्ली शिखर सम्मान (विशिष्ट सृजनात्मक योगदान के लिए) | 2,00,000/– | एक | डॉ0 बालस्वरूप राही | प्रो0 कुमुद शर्मा | डॉ0 श्याम सिंह शशि |
| 3 | संतोष कोली स्मृति सम्मान (केवल महिला हिन्दी सेवियों के लिए) | 2,00,000/– | एक | श्रीमती ममता कालिया | श्रीमती मैत्रेयी पुष्पा | प्रो0 अनामिका |
| 4 | हिन्दी अकादमी विशिष्ट योगदान सम्मान | 1,00,000/– | एक | श्री भगवानदास मोरवाल | श्री विजय किशोर मानव | श्री बलराम |
| 5 | हिन्दी अकादमी काव्य सम्मान | 1,00,000/– | एक | श्री संतोष आनंद | श्री मंगल नसीम | प्रो0 सीता सागर |
| 6 | हिन्दी अकादमी गद्य विधा सम्मान | 1,00,000/– | एक | प्रो0 पूरनचंद टंडन | डॉ0 हरिसुमन बिष्ट | श्री प्रयाग शुक्ल |
| 7 | हिन्दी अकादमी ज्ञान–प्रौद्योगिकी सम्मान | 1,00,000/– | एक | प्रो0 अशोक चक्रधर | श्री महेश गर्ग बेधड़क | श्री बालेन्दु शर्मा दाधीच |
| 8 | हिन्दी अकादमी बाल साहित्य सम्मान | 1,00,000/– | एक | श्री इन्द्र सेंगर | श्री पंकज चतुर्वेदी | श्रीमती सुमन वाजपेयी |
| 9 | हिन्दी अकादमी नाटक सम्मान | 1,00,000/– | एक | श्री प्रताप सहगल | श्री जयवर्धन सिंह (जे.पी. सिंह) | सुश्री रिंकल शर्मा |
| 10 | हिन्दी अकादमी हास्य व्यंग्य सम्मान | 1,00,000/– | एक | डॉ0 हरीश नवल | श्री सुभाष चन्दर | डॉ0 गोविन्द व्यास |
| 11 | हिन्दी अकादमी अनुवाद सम्मान (इतर भाषाओं से हिन्दी में अनुवाद के लिए) | 1,00,000/– | एक | डॉ0 जानकी प्रसाद शर्मा | श्रीमती जयश्री पूरवार | श्री सुभाष नीरव |
| 12 | हिन्दी अकादमी पत्रकारिता सम्मान (इलैक्ट्रॉनिक मीडिया) | 1,00,000/– | एक | श्री लक्ष्मी शंकर वाजपेयी | श्री रामवतार बैरवा | श्री सईद अंसारी |
| 13 | हिन्दी अकादमी पत्रकारिता सम्मान (प्रिंट मीडिया) | 1,00,000/– | एक | श्री राहुल देव | श्री चैतन्य कीर्ति | श्री संजय सहाय |
| 14 | हिन्दी अकादमी हिन्दी सेवा सम्मान | 1,00,000/– | एक | श्री नानकचंद | श्री सुरेश नीरव | डॉ. के. श्रीनिवासराव |
| 15 | हिन्दी सहभाषा सम्मान (1. बुंदेलखंडी 2.ब्रजभाषा 3.हिमाचली 4.राजस्थानी) | 1,00,000/– | एक | डॉ0 विमलेश कांती वर्मा | श्री रामकुमार कृषक | सुश्री अर्चना चतुर्वेदी |

Scanned with ACE Scanner

माननीय मंत्री, कला, संस्कृति एवं भाषा/अध्यक्ष, हिन्दी अकादमी, दिल्ली श्री सौरभ भारद्वाज जी ने इन पुरस्कारों की घोषणा के अवसर पर कहा कि **"इन पुरस्कारों की घोषणा से हिन्दी अकादमी ने साहित्य के क्षेत्र में एक मील का पत्थर स्थापित किया है। जो पुरस्कार विगत छः वर्षों से विभिन्न कारणों से नहीं दिये गये उन्हें अकादमी ने फिर से प्रतिस्थापित किया है। सभी सम्मानित साहित्यकार अपने क्षेत्र के दिग्गज साहित्यकार/विद्वान हैं तथा इनको सम्मानित करने से न केवल साहित्यकारों का सम्मान बढ़ेगा अपितु हिन्दी अकादमी का नाम व सम्मान भी बढ़ेगा।"**

पदमश्री श्री सुरेन्द्र शर्मा उपाध्यक्ष हिन्दी अकादमी, दिल्ली ने इस अवसर पर कहा कि **"अकादमी ने पिछले तीन वर्षों के पुरस्कारों की घोषणा कर एक बड़ा काम किया है और साहित्य जगत में काफी समय से इन पुरस्कारों की चर्चा थी। इन परुस्कारों की घोषणा से देश में हिन्दी अकादमी, दिल्ली का मान बढ़ेगा।"**

साथ ही इस अवसर पर उपाध्यक्ष महोदय ने हिन्दी अकादमी के एक नये पुरस्कार की भी घोषणा की जिसमें देश के वरिष्ठ साहित्यकार को रु0 11,00,000/– की राशि से सम्मानित किया जायेगा तथा जोकि अपने आप में एक विशिष्ट सम्मान होगा। इस सम्मान को अगले वित्त वर्ष 2025–2026 से लागू कर दिया जायेगा। इसके अलावा उपाध्यक्ष ने अकादमी के दो नये पुरस्कारों की भी घोषणा की जिसमें **गद्य एवं पद्य विधा** में रु0 50,000/– प्रति पुरस्कार युवा पुरुष/महिला को दिया जायेगा।

**(सुरेन्द्र शर्मा)**
**उपाध्यक्ष, हिन्दी अकादमी, दिल्ली**

Scanned with ACE Scanner